उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

फोन/फैक्स न0: 0522–4066115

संख्याः /कौ0वि0मि0/एस/2022–23/विविध/555

दिनांक : 01 अगस्त, 2022

कार्यालय–ज्ञाप

विषयः सेक्टर स्किल काउंसिल्स के देयकों के भुगतान के सम्बन्ध में।

सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन तथा परीक्षाफल घोषित होने के बाद भी लम्बे समय तक प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र उपलब्ध न कराने और इसके फलस्वरूप प्रशिक्षणार्थियों के सेवायोजन में उत्पन्न होने वाली कठिनाईयों के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया था कि सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउंसिल्स मिशन के पोर्टल पर प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण–पत्र पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं और उक्त आशय का प्राविधान मिशन के पोर्टल पर किया भी जा चुका है।

सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उ0प्र0 शासन द्वारा सेक्टर स्किल काउंसिल्स के साथ आयोजित बैठक दिनांक 28.08.2021 में इस सम्बन्ध में अवगत भी करा दिया गया था।

2. उक्त निर्णय के क्रम में यद्यपि अधिकांश सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा सफल प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण–पत्र पोर्टल पर अपलोड करने में प्रगति सुनिश्चित की गयी है परन्तु अभी भी कतिपय सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा समस्त अर्ह प्रशिक्षणार्थियों के प्रमाण–पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं।

3. सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा वित्तीय कठिनाईयों का उल्लेख करते हुए असेसमेंट कॉस्ट का शीघ्र भुगतान किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिस पर सम्यक् विचारोपरान्त सेक्टर स्किल काउंसिल्स को उनके उपलब्ध देयकों के सापेक्ष भुगतान निम्न प्रतिबंधों के साथ अवमुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

i. सम्बन्धित सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा 1 माह के अंदर समस्त अवशेष सर्टीफिकेट्स पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

ii. यदि किसी सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा अपलोड किये गये सर्टीफिकेट में कोई विसंगति पायी जाती है, अथवा 1 माह की अवधि में समस्त अवशेष प्रमाण पत्र मिशन के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तो उनके आगामी देयकों से आनुपातिक कटौती कर ली जायेगी।

(आन्द्रा वामसी)
आईएएस
मिशन निदेशक

संख्याः 1551 /कौ0वि0मि0/एस/2022–23/विविध/555 **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त सेक्टर स्किल काउंसिल्स।
3. वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. सहायक प्रबंधक, (आईटी) को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

(आन्द्रा वामसी)
आईएएस
मिशन निदेशक